नाम ................................ अनुक्रमांक ................. BL(P)

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा-2023

समय : 3 घण्टा | कक्षा 12 | पूर्णांक : 100

## विषय- हिन्दी (सामान्य)

नोट- सभी प्रश्न करना अनिवार्य है-

### खण्ड-क

**बहुविकल्पीय (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक)**

1. (क) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा सम्पादित पत्रिका है-
   (अ) हिन्दी प्रदीप (ब) इन्दु (स) सरस्वती (द) प्रथा

   (ख) 'रानी केतकी के कहानी' के लेखक हैं-
   (अ) सदल मिश्र (ब) इंशा अल्ला खाँ
   (स) मुंशी सदासुखलाल (द) लल्लूलाल

   (ग) 'अशोक के फूल' किस विधा की कृति है-
   (अ) कहानी (ब) उपन्यास (स) नाटक (द) निबंध

   (घ) 'परीक्षा गुरु' के लेखक है-
   (अ) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी (ब) श्रीनिवास दास
   (स) मुंशी प्रेमचन्द (द) आचार्य चतुरसेन शास्त्री

   (ङ) 'सरयू पार की यात्रा' के लेखक है-
   (अ) राहुल सांकृत्यायन (ब) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
   (स) धर्मवीर भारती (द) विनय मोहन शर्मा

2. (क) 'श्रीकृष्ण गीतावली' के रचयिता हैं-
   (अ) कवि सूरदास (ब) गोस्वामी तुलसीदास
   (स) रीतिकाल (द) आदिकाल

   (ख) अष्टछाप' के कवियों का सम्बन्ध है-
   (अ) श्रीराम भक्ति से (ब) श्रीकृष्ण भक्ति से
   (स) निगुर्ण भक्ति से (द) सूफी सन्त भक्ति से

   (ग) 'कामायनी' महाकाव्य है-
   (अ) प्रगतिवाद का (ब) प्रयोगवाद का
   (स) नई कविता का (द) छायावाद का

   (घ) हिन्दी काव्य-गत में 'आधुनिक मीरा' के नाम से जाना जाता है-
   (अ) सुभद्रा कुमारी चौहान को (ब) मीराबाई को
   (स) शकुन्त माथुर को (द) महादेवी वर्मा को

   (ङ) 'साकेत' महाकाव्य है-
   (अ) भारतेन्दु युग का (ब) द्विवेदी युग का
   (स) छायावाद का (द) प्रगतिवाद का

modelpaper.info

3. **निम्नलिखित अवतरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2×5=10**

जन का प्रवाह अनन्त होता है। सहस्रों वर्षों से भूमि के साथ राष्ट्रीय जन ने तादात्म्य प्राप्त किया है। जब तक सूर्य की रश्मियाँ नित्य प्रातःकाल भुवन को अमृत से भर देती है; तब तक राष्ट्रीय जन का जीवन भी अमर है, इतिहास के अनेक उतार-चढ़ाव पार करने के बाद भी राष्ट्र निवासी जन नई उठती तहरों से आगे बढ़ने के लिए अजर-अमर हैं। जन की संततवाही जीवन नदी के प्रवाह की तरह है; जिसमें श्रम ओर कम के द्वारा उत्थानों के अनेक घाटों का निर्माण करना होता है।

(क) उपर्युक्त अवतरण का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) राष्ट्रीय जन का जीवन कब तक अजर-अमर है ?

(घ) जन का संततवाही जीन किस तरह है ?

(ङ) कर्म और श्रम के द्वारा उत्थान के अनेक घारों का निर्माण किसे करना होता है ?

4. **निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2×5=10**

मुद्रा होगी वर वदन की मूर्ति-सी सौम्यता की ।
सीधे-सावे वचन उनके सिक्त होंगे सुधा से ।।
<u>नीले फूले कमल दल-सी गात की श्यामलता है</u>
<u>पीला प्यारा वसन कटि में पैनहते है पुबीला।।</u>
छूटी काली अलक मुख की कान्ति को है बढ़ाती है।
सद्वस्त्रों में नवल तन की फूटती-सी प्रभा है।

(क) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) श्रीकृष्ण के शरीर की श्यामता कैसी है ?

(घ) वे कटि में कैसे रंग का वस्त्र पहनते है ?

(ङ) 'नीले फूल कमल दल-सी गात की श्यामलता है।' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

**अथवा**

<u>सावधान मनुष्य ! यदि विज्ञान है तलवार,</u>
<u>तो इसे दे फेंक तजकर मोह, स्मृति के पार।</u>
<u>हो चुका है सिद्ध है तू शिशु अभी अज्ञान,</u>
<u>फूल काँटो की तुझे कुछ भी नहीं पहचान।</u>
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार,
काट लेगा अंग, तीखी है बड़ी यह धार ।

(क) पद्यांश के पाठ एवं कवि का नाम लिखिए।

(ख) रेखांकित पंक्ति की व्याख्या कीजिए।

(ग) इन पंक्तियों में कवि ने मानव को किसके प्रति सचेत किया है ?

(घ) विज्ञानरूपी तलवार के सन्दर्भ में दिनकरजी ने क्या कहा है ?

(ङ) फूल और काँटों के सन्दर्भ में कवि ने आज के मानव से क्या कहा है ?

modelpaper.info

5. **( क ) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय एवं कृतियों का उल्लेख ( 80 शब्दों में ) कीजिए-** **3+2=5**

(अ) प्रो0 जी0 सुन्दर रेड्डी (ब) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(स) डॉ0 वासुदेव शरण अग्रवाल

**( ख ) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का साहित्यिक परिचय और कृतित्व लगभग 80 शब्दों में लिखिए-** **3+2=5**

(अ) राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त (ब) महादेवी वर्मा

(स) जयशंकर प्रसाद

6. 'बहादुर' अथवा 'पंचलाइट' कहानी की कथावस्तु या उद्देश्य 80 शब्दों में लिखिए। 5

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर 'कर्ण का चरित्र चित्रण' अथवा पंचम सर्ग का सारांश लिखिए। 5

## खण्ड-ख

8. **( क ) निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए-** **2+5=7**

(क) संस्कृतस्या साहित्यं सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम् । तस्य गद्ये पद्ये च ललित्यं, भावबोध समर्थ्यम् , अद्वितीयं श्रुतिमायुर्पञ्च वर्तते। किं बहुना चरित्र निर्माणार्थं यादृशीं सत्प्रेरणा संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशीं किञ्चिदन्यत् । मूलभूतानां मानवीयगुणानां यादृशी विवेचना संस्कृतसाहित्ये वर्तते नान्यत्र तादृशी। दया, दानं, शौचम् , औदार्यम् , अनसूया क्षमा, अन्ये चानेके गुणाः अस्य साहित्यस्य अनुशीलनेन सञ्जायन्ते। **( अथवा )**

modelpaper.info

महामना विद्वान् वक्ता, धार्मिको नेता पटुः पत्रकारश्चासीत् । परमसय सर्वोच्यगुणः जनसेवैत आसीत् । यत्र कुत्रापि अयं जनान् दुःखतान् पीड्यमानांश्चापशात् तत्रैव सः शीघ्रमेव उपस्थितः, सर्वविद्यं, साहाप्यञ्च अकरोत् । प्रपिसेवा अस्य स्वभाव एवासीत् ।

(ख) निम्नलिखित श्लोकों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित अनुवाद कीजिए- 2+5=7

मत्ते गजेन्द्र मुद्रिता गवेन्द्रा वनेषु विक्रान्ततरा मृगेन्द्राः।
रभ्या नगेन्द्रा निभृता नरेन्द्राः प्रकीडितो वारिधरैः सुरेन्द्रः ।।

**( अथवा )**

विद्या विवादस्य धनं मदाय शक्तिः परेषां परिपीडनाय ।
खलस्य साद्योः विपरीतमेतज्ज्ञन्ज्ञरू छज्ञन्ज्ञरू च रक्षणाय।।

9. **निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए-** **2**

(क) कान का कच्चा होना (ख) कलेजे पर साँप लोटना (ग) साँच को आँच नहीं

10. **( क ) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि-विच्छेद के सही विकल्प का चयन कीजिए-** **3**

(1) 'इत्यूक्त्वा' का सन्धि विच्छेद है- (अ) इति+उक्त्वा (ब) इत्थ्य+उक्त्वा (स) इती+उक्त्वा (द) इत्यु+उक्त्वा

(2) 'मधुरालापः' का सन्धि विच्छेद कीजिए- (अ) मधुर+लापः (ब) मधु + आलापः (स) मधुर+आलापः (द) मधुरा+आलापः

(3) 'राजर्षि' का सन्धि विच्छेद है- (अ) राजा+ऋषि (ब) राजः + ऋषिः (स) राज + ऋषिः (द) राजृ + ऋषिः

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों की विभक्ति और वचन के सही विकल्प का नाम चयन कीजिए-** 2

(1) 'सरत्यु' में विभक्ति और वचन है-
(अ) चतुर्थी विभक्ति एकवचन (ब) प्रथमा विभक्ति बहुवचन
(स) सप्तमी विभक्ति बहुवचन (द) सप्तमी विभक्ति एकवचन

(2) 'जगते' शब्द विभक्ति और वचन है-
(अ) चतुर्थी विभक्ति एकवचन (ब) चतुर्थी विभक्ति बहुवचन
(स) षष्ठी विभक्ति एकवचन (द) तृतीया विभक्ति एकवचन

**11. ( क ) निम्नलिखित शब्द युग्मों के उचित अर्थ का चयन कीजिए-** 2

(1) पंथ-पथ्र (अ) पथिक और रास्ता (ब) सम्प्रदाय और मार्ग
(स) चलना और बैठना (द) मार्ग और कार्य

(2) स्वर्ण-सर्वण- (अ) सोना और अच्छा (ब) सोनार और सोना
(स) सोना और चाँदी (द) सोना और उच्च जाति

**( ख ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए-** 2

(अ) काल (ब) गुरू (स) अंक

modelpaper.info

**( ग ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन करके लिखिए-** 2

(1) ईश्वर में आस्था रखने वाला-(अ) आस्तिक (ब) नास्तिक (स) आस्थावान (द) आस्थी
(2) जो कभी बूढ़ा न हो- (अ) अजर (ब) युवा (स) चिरजवाँ (द) अवृद्ध

**( घ ) निम्नलिखित में से दो वाक्यों का शुद्ध करके लिखो-** 2

(अ) आपको दवा लेना चाहिए। (ब) उसने नौकरी छोड़ दिया है।
(स) महादेवी वर्मा हिन्दी की प्रसिद्ध कवित्री है।(स) अपनी-अपनी पुस्तकें लाओ।

12. (क) 'श्रृंगार' अथवा 'वीर रस' की परिभाषा अथवा स्थायी भाव एवं उदाहरण लिखिए। 2
(ख) 'अनुप्रास' अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार की परिभाषा अथवा उदाहरण लिखिए। 2
(ग)'दोहा' अथवा 'सोरठा' छन्द का लक्षण अथवा मात्रा सहित उदाहरण लिखिए। 2

13. किसी बैंक शाखा प्रबन्धक को अपनी पुस्तक की दुकान खोलने हेतु ऋण-प्राप्ति के लिए एक आवेदन-पत्र लिखिए। **( अथवा )** 6
बढ़ते हुए संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**14. निम्नलिखित विषय में से किसी एक पर अपनी भाषा-शैली में निबंध लिखिए- 9**

(क) आतंकवाद-कारण और निवारण (ख) विद्यालयों में स्वास्थ्य-शिक्षा का महत्व
(ग) पर्यावरण-प्रदूषण (घ) महिला सशक्तिकरण

*